तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, रविवार 31 अगस्त 2025

11 नुआखाई धार्मिक, सांस्कृतिक व सामुदायिक ...

12 पुलिस ने ग्रामीणों को साइबर अपराध और..




आवश्यकता है
कपड़े एवं रेडीमेड दुकान में काम करने के लिये
•सेल्समेन-सेल्सगर्ल
•कम्प्यूटर कार्य के लिये लड़के/लड़कियां
•लेडिस स्टॉफ
आकर्षक वेतन दिया जाएगा
काका होजियरी
गंज रोड, नवापारा (राजिम)
फोन : 9893744470

B.M. COLLEGE
B.Ed. कोड 114336
आई.टी.आई.
कोपा, इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
7000786116, 9300850065
अंतिम तिथि-04/09/25

# सीआरपीएफ ने नक्सलियों का डंप सामान बरामद कर मौके पर किया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भालुडिग्गी वन क्षेत्र में आज, 30 अगस्त को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 65वीं बटालियन ने एक बड़ा 'सी' स्तर का एरिया डोमिनेशन ऑपरेशन चलाया। इस कार्रवाई में गोपनीय खुफिया जानकारी के आधार पर एफ/65 और जी/65 कंपनियों की संयुक्त टीम शामिल थी। सर्चिंग अभियान के दौरान, सुरक्षाबलों को कुल्हाड़ीघाट और बिंद्रानवागढ़ क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा भारी मात्रा में छिपाकर रखी गई उपयोगी सामग्री मिली। बरामद सामान में सिलाई मशीन, पिट्ठू बैग, प्लास्टिक के जूते, तिरपाल, दवाइयाँ, दैनिक उपयोग की वस्तुएं और राशन सामग्री शामिल थी। सुरक्षाबलों ने इस पूरे सामान को मौके पर ही नष्ट कर दिया। सीआरपीएफ के अधिकारियों ने बताया कि इस तरह की बरामदगी से यह स्पष्ट होता है कि नक्सली संगठन अभी भी जंगलों में अपनी गतिविधियों को जारी रखने के लिए स्थानीय स्तर पर सामग्री जुटाने की कोशिश कर रहे हैं। सीआरपीएफ द्वारा चलाए जा रहे लगातार ऑपरेशन से नक्सलियों की आपूर्ति श्रृंखला और उनके छिपने के साधनों को लगातार ध्वस्त किया जा रहा है।

## सिलाई मशीन, पिट्ठू बैग, प्लास्टिक के जूते, तिरपाल, दवाइयां मिलीं





### सुरक्षाबलों की निरंतर कार्रवाई जारी

सीआरपीएफ की 65वीं बटालियन ने कहा कि क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए वे स्थानीय पुलिस और प्रशासन के सहयोग से नियमित रूप से एरिया डोमिनेशन, सर्च और कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाते रहेंगे। यह कार्रवाई नक्सलियों के खिलाफ एक बड़ी सफलता मानी जा रही है और इससे क्षेत्र में शांति स्थापित करने में मदद मिलेगी। यह ऑपरेशन सुरक्षाबलों की सतर्कता और नक्सलियों की कमर तोड़ने की उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पुलिस और सीआरपीएफ की यह संयुक्त कार्रवाई क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

विडंबना : गैलरी और गार्डन का प्रस्ताव तैयार, पर जलाशय से सुविधाएं नदारद

# पर्यटन की अपार संभावनाओं के बावजूद सुविधाओं से वंचित सिकासार जलाशय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले का सबसे बड़ा सिंचाई जलाशय, सिकासार, अपनी प्राकृतिक सुंदरता के कारण पर्यटकों के बीच एक लोकप्रिय स्थल है। हर साल, खासकर बारिश के दिनों में, यहां पूरे छत्तीसगढ़ और अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। हालांकि, पर्यटन स्थल के रूप में अपनी लोकप्रियता के बावजूद, यहां सुविधाओं का घोर अभाव है, जिसका खामियाजा पर्यटकों को उठाना पड़ रहा है। कई पूर्व कलेक्टरों दीपक अग्रवाल, आकाश छिकारा, श्याम धावड़े और नम्रता गांधी ने इस जलाशय का निरीक्षण किया और संबंधित विभागों को पर्यटकों के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कई बार विश्राम गृह, भोजन बनाने के शेड, गैलरी और गार्डन निर्माण के लिए प्रस्ताव भी तैयार किए गए, लेकिन आज तक कोई भी काम शुरू नहीं हो पाया। यहां आने वाले पर्यटकों को शुद्ध पेयजल और भोजन बनाने की जगह जैसी मूलभूत सुविधाओं की भी कमी खलती है। दूर-दराज से आए परिवार अचानक बारिश होने पर परेशान हो जाते हैं, क्योंकि उनके पास रुकने के लिए कोई उचित जगह नहीं है। एकमात्र सिंचाई विभाग का विश्राम गृह है, जो जर्जर हालत में है और आम लोगों की पहुँच से बाहर है।



### पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांग

भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और क्षेत्र के निवासियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर सिकासार जलाशय को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांग की है। उन्होंने आग्रह किया है कि सरकार यहां पर्यटकों के लिए आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराए, जिससे न केवल राजस्व में वृद्धि होगी, बल्कि दूर-दराज से आने वाले पर्यटकों को भी एक बेहतर अनुभव मिलेगा।



### सुरक्षा को लेकर भी लापरवाही

सिकासार जलाशय के वॉटरफॉल के पास 'डेंजर जोन' तक पर्यटक आसानी से पहुंच जाते हैं। यहां न तो कोई चेतावनी बोर्ड लगा है और न ही सुरक्षा के लिए बैरिकेड्स हैं। पूर्व में यहां डूबने से कई लोगों की मौत हो चुकी है, इसके बावजूद प्रशासन ने सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए हैं।

### जर्जर सड़क से बढ़ रही हैं दुर्घटनाएं

गरियाबंद-मैनपुर नेशनल हाईवे से सिकासार जलाशय तक 16 किलोमीटर की सिंगल सड़क की हालत भी बेहद खराब है। इस सड़क पर सैकड़ों गड्ढे हो गए हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। वाहनों के टायर पंचर होना एक आम बात हो गई है। यह जर्जर सड़क भी पर्यटकों के लिए एक बड़ी समस्या बन गई है।

# अवैध प्रवासी, साइबर फ्रॉड नशामुक्ति पर दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

■ कुसुमखूंटा में पुलिस ने किया जागरूकता कार्यक्रम

29 अगस्त को गरियाबंद जिले के थाना फिंगेश्वर अंतर्गत ग्राम कुसुमखूंटा में पुलिस विभाग द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेंद्र चंद्राकर, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस निशा सिन्हा और थाना प्रभारी गौतमचंद गावड़े उपस्थित थे। उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उन्हें कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के तरीके समझाए। उन्होंने बताया कि किसी भी अनजान लिंक या एपीके फाइल को डाउनलोड न करें और न ही किसी के साथ अपना ओटीपी साझा करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि 'डिजिटल अरेस्ट' जैसी कोई चीज नहीं होती और अगर किसी के खिलाफ कोई मामला बनता है, तो पुलिस सीधे आकर जांच ▶▶|शेष पेज 10 पर

### युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश

कार्यक्रम में खासकर युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताया गया। अधिकारियों ने कहा कि नशा एक ऐसा जाल है, जो न सिर्फ व्यक्ति की जिंदगी बर्बाद करता है, बल्कि पूरे परिवार को भी प्रभावित करता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि नशा अपराध की ओर ले जाता है और समाज में मान-सम्मान को नष्ट कर देता है। पुलिस ने युवाओं से अपील की कि वे नशे की लत से दूर रहें और दूसरों को भी जागरूक करें। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे और उन्होंने इसे बेहद उपयोगी बताया।

## खबर संक्षेप

### विधायक प्रतिनिधि बने

**महासमुंद।** विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने संतोष राजू साहू को आबकारी विभाग प्रतिनिधि नियुक्त किया है। राजू साहू ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया है कि वे इस नई जिम्मेदारी का ईमानदारी व निष्ठा से निर्वहन करेंगे। उक्ताशय की जानकारी अजय बंजारे ने जारी विज्ञप्ति में दी है।

### भाई के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम छांदनपुर में छोटे भाई के साथ मारपीट करने के मामले में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। बसना पुलिस को रोहित बरिहा ने बताय कि हम तीन भाई है। मैं सबसे छोटा हूं, बड़ा भाई छांदनपुर बस्ती में रहता है। प्रार्थी और उसका मंझला भाई रोड किनारे के मकान में रहते हैं। 29 अगस्त गजेंद्र बरिहा एवं उसका लड़का अमर आये और पिता त्रिलोचन के साथ झगड़ा विवाद क्यों हो कहते मारपीट की।

### श्रुति ने उत्तीर्ण की नीट परीक्षा

**सरायपाली।** विधानसभा क्षेत्र के गोहेरापाली निवासी श्रुति प्रधान ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए चयनित होने पर क्षेत्र के जनपद सदस्य व भाजपा नेता उद्धव नंद ने घर पहुंचकर हर्ष जताया। साथ ही श्रुति समेत उनके माता पिता को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि श्रुति की सफलता क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। अन्य युवाओं को श्रुति से प्रेरणा लेकर अपनी तैयारी को और ध्यान देना चाहिए। इस दौरान क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओ समेत अन्य लोग मौजूद रहे। वही उनकी इस उपलब्धि से परिवार बेहद खुश है। पिता जयनारायण प्रधान और माता श्रीमति प्रधान अपनी बेटी की सफलता पर गर्व महसूस कर रहे हैं।

### बेटे ने मां से की मारपीट

**महासमुंद।** सरायपाली में मां के साथ मारपीट करने के मामले में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। सरायपाली पुलिस ने बताया कि 29 अगस्त को आरोपी वीरू सारथी अपनी मां सुनीता सारथी से शराब पीने के लिए पैसा मांग रहा था। जब पैसा देने से मना किया तो आरोपी ने अपनी मां के साथ विजय बेहरा के घर के सामने वार्ड नं 10 बाजारपारा में गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### 200 फुटपाथ व्यवसायियों को मिला प्रशिक्षण

**महासमुंद।** महासमुंद के स्ट्रीट फूड वेंडरों का 2 दिवसीय प्रशिक्षण एवं किट, प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम स्थानीय स्टेशन रोड स्थित एक होटल में किया गया। प्रशिक्षण में फूड सेफ्टी से संबंधित जानकारी देकर ट्रेनर द्वारा दिया गया। जिसमें शहर के 150 वेंडरों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# हाथियों के दल का डेरा, ग्रामीणों को सतर्क रहने की दी चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। पहली बार, तीन हाथियों का एक दल इंदागांव वन परिक्षेत्र में प्रवेश कर गया है। इस अप्रत्याशित घटना ने ग्रामीणों में उत्साह और डर का मिला-जुला माहौल पैदा कर दिया है। ग्रामीण हाथियों को देखने के लिए उत्सुक हैं, लेकिन वन विभाग ने उन्हें सतर्क रहने की चेतावनी दी है। उदंती सीतानदी ▶▶|शेष पेज 10 पर

### धान की फसलों को पहुंचाया नुकसान

यह ज्ञात हो कि गरियाबंद जिले के मैनपुर, तौरेंगा और कुल्हाड़ीघाट जैसे वन परिक्षेत्रों में हाथियों का आना-जाना लगा रहता है, लेकिन इंदागांव में उनका आना एक नई घटना है। हाथियों के इस दल ने कई स्थानों पर धान की फसलों को नुकसान पहुंचाया है। मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार को हाथियों का यह दल इंदागांव के बीट क्रमांक 1212 फरसरा पहाड़ी में डेरा डाले हुए है। अचानक हाथियों के क्षेत्र में पहुंचने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। जंगली हाथी बेहद खतरनाक हो सकते हैं, इसलिए उनकी उत्सुकता जानलेवा भी साबित हो सकती है। वन विभाग ग्रामीणों को लगातार सुरक्षित रहने और हाथियों से दूरी बनाए रखने की सलाह दे रहा है।

पुलिस को ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

# कुण्डेल में शराब और गांजा पर रोक लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

जिले के फिंगेश्वर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कुण्डेल में अवैध कच्ची शराब, गांजा और देशी शराब की अवैध बिक्री धड़ल्ले से चल रही है। इससे परेशान होकर ग्रामीणों ने गांव के सरपंच गज्जु सिन्हा के साथ मिलकर फिंगेश्वर थाना पहुंचकर थाना निरीक्षक गौतम धावड़े को लिखित शिकायत दी है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में स्थित जिला धान संग्रहण केंद्र में प्रतिदिन हजारों लोगों का आना-जाना होता है, जिसके कारण यहां भारी मात्रा में शराब की खपत होती है। कुछ घरों में अवैध रूप से शराब का उत्पादन और बिक्री हो रही है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि गांजा की अवैध सप्लाई भी तेजी से हो रही है। सस्ती और आसानी से उपलब्ध होने के कारण युवा वर्ग तेजी से इसकी चपेट में आ रहा है। शिकायत में बताया गया है कि अवैध शराब और गांजा की बिक्री के साथ-साथ जुए के अड्डे भी संचालित हैं, जहां स्थानीय और बाहरी लोग लाखों रुपए का दांव लगाते हैं। इन अवैध गतिविधियों के कारण गांव का माहौल खराब हो रहा है और आए दिन झगड़े, मारपीट, चोरी और छेड़खानी जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं। ग्रामीणों और सरपंच ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि अवैध शराब और गांजा के कारोबार पर तुरंत रोक ▶▶|शेष पेज 10 पर

# कोमर्रा परिवार ने धूमधाम से मनाया नुआखाई पर्व, दी एकता की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



परंपरा और एकता का प्रतीक, नुआखाई पर्व ग्राम रसेला में कोमर्रा परिवार द्वारा बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस आयोजन में परिवार के लगभग 100 सदस्य एक साथ शामिल हुए, जिन्होंने आपसी एकजुटता और भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर, नए अन्न से बने पकवानों को प्रसाद के रूप में ग्रहण किया गया, जिसके बाद सभी ने सामूहिक भोज का आनंद लिया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सभी ने एक-दूसरे को नुआखाई की शुभकामनाएँ दीं और परंपरा का निर्वहन किया। नुआखाई पर्व की एक खास परंपरा के तहत, इस दिन परिवार में नए जुड़े सदस्यों का स्वागत और सम्मान किया गया। हाल ही में विवाह के बाद परिवार का हिस्सा बनी नवविवाहित महिलाओं और नवजात शिशुओं को परिवार की संस्कृति और परंपराओं से जोड़ा गया। बड़ों ने सभी को आशीर्वाद दिया, जबकि छोटों ने आशीर्वाद लेकर अपनी परंपरा का मान रखा। परिवार के मुखिया और प्रमुख सदस्यों ने बताया कि यह परंपरा सिर्फ एक त्योहार मनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सभी को जोड़ने, अपनापन बढ़ाने और अगली पीढ़ी को अच्छे ▶▶|शेष पेज 10 पर

6 सितंबर को किया जाएगा गणेश विसर्जन

# राजिम में एक साथ निकलेगी झांकी, मिलेगी प्रोत्साहन राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम नगर पंचायत के अध्यक्ष महेश यादव ने इस साल गणेश विसर्जन को लेकर एक खास पहल की है। उन्होंने शहर की सभी गणेश समितियों से एक साथ 6 सितंबर को झांकी निकालकर त्रिवेणी संगम में विसर्जन करने का आग्रह किया है।

इस पहल को लेकर शहर के लोगों और समितियों में खासा उत्साह है। पहले गणेश विसर्जन अलग-अलग समितियों द्वारा अपनी सुविधानुसार किया जाता था, जिससे पितृ पक्ष के बाद भी विसर्जन का सिलसिला 3-4 दिनों तक चलता रहता था। लेकिन अब सभी समितियां मिलकर एक साथ विसर्जन करेंगी। इस फैसले पर चर्चा के लिए शनिवार को मंगल भवन में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, बेरोजगार संघ के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, तहसीलदार मयंक अग्रवाल, थाना प्रभारी अमृत साहू, समेत कई गणमान्य नागरिक और गणेश समितियों के पदाधिकारी मौजूद थे।



### आकर्षक झांकी के लिए मिलेगा पुरस्कार

*बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने सभी समितियों से विनम्रतापूर्वक आग्रह किया कि इस बार नगर पंचायत के तत्वावधान में गणेश जी की भव्य झांकी एक साथ निकाली जाए। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म और हमारी सनातन संस्कृति के अनुसार पूजा-पाठ करना हमारा परम धर्म है, और इस पहल से गणेश उत्सव को और भी भव्य बनाया जा सकेगा। महेश यादव ने घोषणा की कि जिन समितियों की झांकी सबसे भव्य और आकर्षक होगी, उन्हें प्रोत्साहन के रूप में सम्मान के साथ राशि भेंट की जाएगी। इस प्रस्ताव पर अधिकतर गणेश उत्सव समितियों ने अपनी सहमति दे दी है। नगर पंचायत अध्यक्ष की इस पहल की शहर के नागरिकों ने जमकर सराहना की है।*

# बिरयानी दुकानों को बंद कराने की मांग पार्षद ने अध्यक्ष यादव को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

धर्मनगरी राजिम में मेन रोड पर खुल रही बिरयानी दुकानों को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। नगर पंचायत के पार्षद तुषार कदम ने नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव को एक ज्ञापन सौंपकर इन दुकानों को बंद करवाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान पार्षद तुषार कदम के साथ अन्य पार्षद आकाश सिंह राजपूत, अजय पटेल, सुरेश पटेल और भाजपा युवा नेता संजीव साहू भी मौजूद थे। ज्ञापन में लिखा गया है कि राजिम में पूर्व में ही यह आदेश दिया जा चुका है कि मुख्य मार्ग पर मांस की दुकानें नहीं लगाई जाएंगी। यहां तक कि शराब दुकान भी शहर के बाहर है। इसके बावजूद, रायपुर से राजिम बस स्टैंड को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर लगातार मांसाहार बिरयानी की दुकानें खोली जा रही हैं। पार्षद कदम ने विशेष रूप से उल्लेख ▶▶|शेष पेज 10 पर



### मांग न मानने पर होगा आंदोलन

ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि अगर इन दुकानों को मुख्य मार्ग से नहीं हटाया गया, तो आगे चलकर धरना-प्रदर्शन और आमरण अनशन भी किया जाएगा। यह मुद्दा अब शहर में चर्चा का विषय बन गया है, और प्रशासन के अगले कदम का इंतजार है।

# मंडल अध्यक्ष से लेकर मंत्री तक की शिव प्रकाश, नितिन और अरुण सिंह लेंगे क्लास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा के मंडल अध्यक्ष से लेकर मंत्रियों तक की रविवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह और प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन क्लास लेंगे। दरअसल भाजपा में बूथ से लेकर मंडल, जिला और प्रदेश स्तर पर संगठन में बड़ा बदलाव हो गया है।

ज्यादातर मंडलों के साथ एक जिले रायपुर ग्रामीण को छोड़कर बाकी सभी जिलों में नए अध्यक्ष बन गए हैं। प्रदेश संगठन की कार्यकारिणी का भी ऐलान हो गया है। अब सभी 476 मंडलों और भाजपा के 36 संगठन जिलों के अध्यक्षों के साथ प्रदेश कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी, प्रदेश के सभी मंत्री, विधायक, सांसदों को रविवार की सुबह 11.30 बजे से लेकर रात तक भाजपा के राष्ट्रीय नेता मार्गदर्शन देंगे। इसी के साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय का भी मार्गदर्शन नए पदाधिकारियों को मिलेगा। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन के निर्देश पर प्रदेश संगठन ने पहले सदस्यता अभियान चलाकर रिकॉर्ड 60 लाख सदस्य बनाने का काम किया। इसके बाद पहले बूथों के चुनाव कराए गए। भाजपा के पहले 405 मंडल थे। इसमें 71 और नए मंडल बनाकर मंडलों की संख्या 476 कर दी गई है। इसी के साथ 35 संगठन जिलों में एक बिलासपुर ग्रामीण जिला बनाकर इनकी संख्या को 36 कर दिया गया है। प्रदेश संगठन ने मंडलों के साथ ही जिलों में भी जिलाध्यक्षों के पदों पर नए चेहरों को मौका दिया है।

- आज रात आएंगे भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह और प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन
- राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश रविवार सुबह पहुंचेंगे



### आज आएंगे राष्ट्रीय नेता

रविवार को होने वाली कार्यशाला में क्लास लेने के लिए भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश जहां रविवार की सुबह को आएंगे, वहीं भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह और प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन का रात को आना तय है। इसके बाद रविवार की सुबह को 11.00 बजे से सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम सुनेंगे। कार्यशाला का प्रारंभ 11.30 बजे से होगा। इसमें पांच सत्र होंगे। पहले एक साथ सभी की कार्यशाला होगी। इसके बाद अलग-अलग बैठकों का दौर चलेगा। इसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा के साथ ही सभी मंत्री, विधायक, सांसद भी रहेंगे। बैठक में मुख्य रूप से सभी मंडलों और जिलों के नए अध्यक्षों के साथ प्रदेश कार्यकारिणी के नए पदाधिकारियों को भी मार्गदर्शन दिया जाएगा। सभी पदाधिकारियों को केंद्र सरकार के साथ ही प्रदेश सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुंचाने के लिए कहा जाएगा। इसके अलावा उनको बताया जाएगा कि किस तरह से संगठन का काम करना है।

## खबर संक्षेप

### महंत ने रमन का जताया आभार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 25 फीट ऊंची आदमकद प्रतिमा को नव-निर्मित छत्तीसगढ़ विधानसभा परिसर में स्थापित करने की दिशा में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा लिया गया निर्णय हर्ष और गर्व का विषय है। नेता प्रतिपक्ष ने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को हृदय से धन्यवाद देते हुए कहा कि इस महत्त्वपूर्ण विषय पर पूर्व में मेरे द्वारा दिये गए सुझाव को आपने संज्ञान में लिया और उसे सार्थक रूप प्रदान किया। यह निर्णय न केवल संविधान निर्माता के प्रति हमारी कृतज्ञता का प्रतीक है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का दीपस्तंभ भी बनेगा।



### सेवा पखवाड़ा पर कार्यशाला में आएंगे राष्ट्रीय महासचिव राधा मोहन

**रायपुर।** भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व के आह्वान पर प्रदेश भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम होगा। भाजपा प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी ने बताया, सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत तीन सितंबर को प्रदेशस्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई है, इसमें राष्ट्रीय महासचिव राधामोहन अग्रवाल विशेष रूप से रायपुर आएंगे। श्री सोनी ने बताया, सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत 17 सितंबर को प्रधानमंत्री का 75वां जन्मदिन है। इस पखवाड़े में सेवा के अनेक कार्य किए जाते हैं। इस बार का कार्यक्रम बहुत विस्तारित और जन भागीदारी के साथ बड़ी संख्या में अनेक गतिविधियां भाजपा की तरफ से सभी समाज को उसमें सहभागी बनाते हुए आयोजित की जाएंगी। इस दौरान रक्तदान शिविर, युवा मैराथन सभी स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे, जिसमें जनता को निःशुल्क चिकित्सा की सुविधा मिलेगी। स्वच्छता के कार्यक्रम ग्राम, जिला, मंडल स्तर पर किए जाएंगे जिसमें नदियों, तालाबों, महापुरुषों के प्रतिमा स्थल की सफाई की जाएगी। इसके साथ ही विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जो केन्द्रीय संगठन द्वारा तय है।

### साझेदारी से छत्तीसगढ़ की स्वच्छ ऊर्जा यात्रा और लॉजिस्टिक्स बैकबोन को मिलेगी नई गति

# सीएम साय ने दो कोरियाई कंपनियों को किया आमंत्रित, ईवी चार्जिंग, मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट, स्वच्छ ऊर्जा पर होगा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने दक्षिण कोरिया प्रवास के दौरान ग्रीन मोबिलिटी सॉल्यूशंस की अग्रणी कंपनी मार्डन टेक कार्पो. और रेल रखरखाव समाधानों की प्रमुख कोरियाई कंपनी यूनिकोरेल को छत्तीसगढ़ में निवेश और सहयोग के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देना, सतत परिवहन अधोसंरचना का निर्माण करना और रेलवे नेटवर्क को मज़बूत बनाना है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन दोनों कंपनियों के साथ साझेदारी से छत्तीसगढ़ की स्वच्छ ऊर्जा यात्रा और लॉजिस्टिक्स बैकबोन को नई गति मिलेगी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ग्रीन मोबिलिटी सॉल्यूशंस की अग्रणी कंपनी मार्डन टेक कार्पो. को छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए आमंत्रित कर कंपनी को प्रदेश में अत्याधुनिक ईवी चार्जिंग मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट स्थापित करने का प्रस्ताव देते हुए कहा कि यह परियोजना राज्य को स्वच्छ ऊर्जा और सतत परिवहन अधोसंरचना के क्षेत्र में नई पहचान दिलाएगी।



### छत्तीसगढ़ बनेगा हरित ऊर्जा का राष्ट्रीय हब

कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि प्रस्तावित परियोजना से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा तथा स्थानीय स्तर पर घटक निर्माण इकाइयों को भी बढ़ावा मिलेगा। इससे छत्तीसगढ़ हरित ऊर्जा के क्षेत्र में एक उभरते हुए राष्ट्रीय हब के रूप में स्थापित होगा।सीएम ने दिलाया भरोसामुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मार्डन टेक कार्पो. के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार निवेशकों को हर संभव सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि "प्रक्रियाओं को सरल और पारदर्शी बनाया गया है, ताकि निवेशक बिना किसी बाधा के अपने प्रोजेक्ट को शीघ्रता से क्रियान्वित कर सकें।" मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने दक्षिण कोरिया प्रवास के दौरान यूनिकोरेल के सीईओ डोंग पिल पार्क से मुलाकात की। यह कंपनी कोरिया की अग्रणी रेल मेंटेनेंस समाधान प्रदाता है।बैठक के दौरान मुख्यमंत्री और कंपनी के प्रतिनिधियों के बीच स्थानीय मैन्युफैक्चरिंग, तकनीकी हस्तांतरण और रेलवे अधोसंरचना विकास में सहयोग की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की तेजी से बढ़ती औद्योगिक और लॉजिस्टिक आवश्यकताओं को देखते हुए रेलवे क्षेत्र में अत्याधुनिक समाधान बेहद अहम हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने विश्वास व्यक्त किया कि यूनिकोरेल के अनुभव और विशेषज्ञता से राज्य में रेलवे नेटवर्क को सुदृढ़ करने, रखरखाव को बेहतर बनाने और लॉजिस्टिक्स बैकबोन को मजबूत करने में नई दिशा मिलेगी। इससे न केवल औद्योगिक गतिविधियों को गति मिलेगी बल्कि आम जनता को भी सुरक्षित और सुगम परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता की आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए सरकार स्वच्छ ऊर्जा और सतत विकास को नीति का केंद्रीय तत्व बना रही है। उन्होंने सभी निवेशकों से आग्रह किया कि वे छत्तीसगढ़ के विकास भागीदार बनें और इस परिवर्तनकारी यात्रा में शामिल होकर राज्य को नए शिखरों पर पहुंचाएं।

### स्थानीय युवाओं को मिलेगा रोजगार

उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि इस निवेश से स्थानीय युवाओं के लिए व्यापक रोज़गार अवसर सृजित होंगे, राज्य में हरित तकनीकी कौशल का विकास होगा और ग्रामीण-शहरी क्षेत्रों में सतत परिवहन नेटवर्क को गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि का अनुभव और विशेषज्ञता छत्तीसगढ़ की ऊर्जा संक्रमण यात्रा को तेज़ करेगी।

### पीढ़ियों को मिलेगा स्वच्छ पर्यावरण का उपहार

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार की औद्योगिक नीति 2024–30, हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने और कार्बन उत्सर्जन कम करने के लक्ष्यों के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि "छत्तीसगढ़ में ईवी चार्जिंग मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की स्थापना से न केवल स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों को बल मिलेगा, बल्कि प्रदेश की जनता को बेहतर और आधुनिक परिवहन अवसंरचना भी उपलब्ध होगी। यह पहल भविष्य की पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण का उपहार देने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगी।

# कांग्रेस भाषा की मर्यादा खोती जा रही : किरण देव

- विपक्षी दल कर रहे अभद्र भाषा व अपशब्दों का प्रयोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने कहा, कांग्रेस अब भाषा की मर्यादा खोती जा रही है। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी बिहार में दरभंगा की एक सभा में जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति कांग्रेस और राजद की जनसभा में बिलो द बेल्ट जाकर अभद्र और अमर्यादित भाषा प्रधानमंत्री के सर्वोच्च पद पर बैठे श्री मोदी व उनकी स्वर्गीय माताजी को लेकर प्रयुक्त की गई, मंच से अश्लील गाली-गलौज की गई, उसकी पूरा देश कटु निन्दा कर रहा है। दुनिया के किसी भी लोकतांत्रिक देश में अपने विरोधियों के प्रति इस तरह अभद्र भाषा व अपशब्दों का प्रयोग नहीं किया जाता, जैसा भारत के विपक्षी दल कर रहे हैं।

श्री देव ने शुक्रवार को एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, समय-समय पर कांग्रेस के अन्य नेताओं के भी मुंह से इस तरह की अभद्र भाषा बोली गई है। सोनिया गांधी ने मौत का सौदागर बताकर इस अभद्रता की शुरुआत की और अब वह इस निम्न स्तर पर आ पहुंची है। प्रधानमंत्री श्री मोदी पिछड़ा वर्ग से आते हैं और उनकी जाति का अपमान करने की दृष्टि से राहुल गांधी और कई बार उनके नेताओं ने अपमानजनक बातें कहीं। हाल ही एक सभा में राहुल गांधी प्रधानमंत्री श्री मोदी को तू कहकर संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री श्री मोदी को देश की जनता ने लगातार तीसरी बार जनादेश देकर इस महत्वपूर्ण पद का दायित्व सौंपा है। अपने देश के विकास और उन्नति की दृष्टि से उनकी उत्कट लगन व ललक को पूरा देश देख रहा है। तू-तड़ाक की भाषा का उपयोग करने से पहले राहुल गांधी को यह समझना चाहिए कि वह पहली बार लोकसभा में लीडर ऑफ अपोजीशन बने हैं। लेकिन अपने भाषणों में जिस तरह के शब्दों का चयन वह कर रहे हैं, राजनीतिक क्षेत्र में उन शब्दों के प्रयोग की कतई गुंजाइश नहीं है।

## लक्ष्य के करीब पहुंचा यूरिया वितरण, किसानों ने उठाया 4.18 लाख बॉटल नैनो यूरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर प्रदेश के किसानों को हरसंभव रासायनिक उर्वरक उपलब्ध कराई जा रही है। वहीं रासायनिक उर्वरक की लागत में कमी लाने तथा डीएपी खाद की आपूर्ति में कमी को ध्यान में रखते हुए नैनो उर्वरक के उपयोग के लिए किसानों को जागरूक भी किया जा रहा है।

प्रदेश में चालू खरीफ सीजन के लिए भारत सरकार द्वारा 14.62 लाख मीट्रिक टन विभिन्न रासायनिक खादों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लक्ष्य के विरुद्ध सहकारी एवं निजी क्षेत्रों में 15.64 लाख मीट्रिक टन रासायनिक खाद का भंडारण कर लिया गया है। भंडारण के विरुद्ध किसानों को 13.19 लाख मीट्रिक टन उर्वरकों का वितरण किया गया है। समितियों एवं निजी क्षेत्रों में भी यूरिया पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। किसान भी उत्साह पूर्वक नैनो उर्वरकों का उपयोग कर रहे हैं।

### यूरिया वितरण का हिसाब

कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि चालू खरीफ सीजन के लिए 25 अगस्त की स्थिति में 3 लाख 91 हजार 79 मीट्रिक टन एवं निजी क्षेत्र में 3 लाख 11 हजार 563 मीट्रिक टन इस तरह कुल 7 लाख 2 हजार 642 मीट्रिक टन खाद का भंडारण किया गया है। भंडारण के विरुद्ध 6 लाख 38 हजार 599 मीट्रिक टन यूरिया किसानों को वितरित किए जा चुके हैं। इसमें 3 लाख 42 हजार 444 सहकारी क्षेत्र और 2 लाख 96 हजार 155 मीट्रिक टन निजी क्षेत्र से वितरण शामिल है, जबकि पिछले खरीफ सीजन वर्ष 2024 में 6 लाख 17 हजार 798 मीट्रिक टन यूरिया का वितरण किया गया था।

## स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया आदेश- नो वर्क नो पेमेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने एक आदेश जारी कर कहा है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अधिकारियों और कर्मचारियों को कार्यस्थल से अनुपस्थित रहने पर काम नहीं तो वेतन नहीं के सिद्धांत का पालन करना होगा। आदेश के अनुसार समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को इस माह के अनुपस्थित दिवस का वेतन आहरित नहीं करने के निर्देश जारी किए गए हैं। सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को भेजे गए निर्देश में कहा गया है कि 18 अगस्त 2025 से लगातार अनुपस्थित पाए जा रहे एनएचएम अधिकारियों-कर्मचारियों की जानकारी तत्काल राज्य कार्यालय को भेजी जाए। निर्देश में यह भी कहा गया है कि सभी अनुपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए, जिसमें इस बात का उल्लेख हो कि अपने कार्यालय में उपस्थिति न दिए जाने की अवस्था में उनके विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसके अंतर्गत उन्हें सेवा से पृथक भी किया जा सकता है। गौरतलब है कि एनएचएम द्वारा पहले भी आदेश जारी करने के बावजूद कई जिलों में अधिकारी और कर्मचारी कार्यालय में उपस्थित नहीं हो रहे थे।

- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अनुपस्थित अधिकारी-कर्मियों के लिए शासन का आदेश

# शिक्षा में मेंटरशिप सामाजिक न्याय और समान अवसर का मजबूत आधार : चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नीति आयोग ने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में शिक्षा में मेंटरशिप को बढ़ावा देने, समानता का मार्ग विषय पर राष्ट्रीय परामर्श कार्यशाला आयोजित की। इस कार्यशाला का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की भावना को मूर्त रूप देते हुए शिक्षा व्यवस्था को अधिक न्यायपूर्ण और समावेशी बनाने में मेंटरशिप की भूमिका पर गहन विचार-विमर्श कर राष्ट्रीय फ्रेमवर्क बनाना है। विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और हितधारकों ने शिक्षा में समानता लाने, ड्रॉपआउट दर घटाने और युवाओं को अवसरों से जोड़ने के लिए अपने अनुभव साझा किए।

कार्यक्रम के विशेष अतिथि वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि शिक्षा में समानता और सशक्तिकरण की दिशा में मेंटरशिप की भूमिका निर्णायक है। उन्होंने बताया कि यह कार्यशाला स्कूल शिक्षा,



उच्च शिक्षा और कौशल विकास पर केंद्रित है। यह साझा राष्ट्रीय ढांचा तैयार करने का अवसर है, जो विकसित भारत के सपने को साकार करने में मदद करेगा। उन्होंने छत्तीसगढ़ की जनसांख्यिकीय ताकत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश की औसत आयु 28 वर्ष है, जबकि छत्तीसगढ़ की औसत आयु मात्र 24 वर्ष है। यह हमारी सबसे बड़ी शक्ति है, हमें युवाओं को अर्थव्यवस्था से जोड़ना होगा, ताकि वे विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान दे सकें।

### गांव में की पढ़ाई, वहां बुनियादी सुविधा भी नहीं थी

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने अपने जीवन अनुभव साझा करते हुए कहा कि मैंने गांव के सरकारी स्कूल में 10वीं और 12वीं तक पढ़ाई की, जहां बुनियादी सुविधाएं भी नहीं थीं। 17 वर्षों की औपचारिक शिक्षा के बाद भी अनेक युवाओं को यह स्पष्ट नहीं होता कि जीवन में आगे क्या करना है। कैरियर गाइडेंस और मेंटरशिप इस कमी को दूर कर सकती है। उन्होंने स्थानीय भाषा और संस्कृति आधारित शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि बस्तर जैसे क्षेत्र के बच्चों के जीवन का जुड़ाव जंगलों और झरनों से है। उन्हें इसी के अनुरूप अक्षर ज्ञान देना चाहिए। एनईपी 2020 का स्थानीय बोलियों पर फोकस सही दिशा है। सरकारी स्कूलों की चुनौतियों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि समुदाय की भागीदारी घट रही है, हमें नवोदय विद्यालय जैसे मॉडल अपनाने होंगे। नीति आयोग को देशभर की इनोवेटिव प्रैक्टिस को साझा प्लेटफॉर्म पर लाना चाहिए, ताकि शिक्षा में समानता सुनिश्चित की जा सके।

## पेज 9 के शेष...

### अवैध प्रवासी, साइबर...

करती है। साइबर अपराध होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करने की सलाह दी गई। इसके अलावा, अवैध प्रवासियों के बारे में जानकारी देने के लिए शासन द्वारा जारी किए गए टोल फ्री नंबर 18002331905 की भी जानकारी दी गई। पुलिस ने बताया कि इस नंबर पर सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह से गोपनीय रखी जाएगी।

### हाथियों के दल...

टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन ने इस बात की पुष्टि करते हुए बताया कि हाथियों का यह दल पहली बार इंदागांव परिक्षेत्र में आया है। उन्होंने ग्रामीणों को जंगल की ओर न जाने की सख्त हिदायत दी है। वन विभाग द्वारा लगातार गांवों में मुनादी (घोषणा) कराई जा रही है ताकि लोग सतर्क रहें। वन विभाग की टीम हाथियों के दल पर लगातार नजर रखे हुए है।

### कुण्डेल में शराब...

लगाई जाए और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि रात के समय गांजा की खेप गुप्त तरीके से पहुंचाई जाती है और शिकायत करने पर तस्कर दबंगई दिखाते हैं। उन्होंने पुलिस से अनुरोध किया है कि इस मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए ताकि गांव का माहौल सुरक्षित और स्वच्छ हो सके।

### कोमर्रा परिवार ने...

संस्कार देने का एक माध्यम है। इस दौरान सभी ने एक-दूसरे से सुख-दुख साझा किया और पारिवारिक प्रेम की भावना को मजबूत किया। इस आयोजन में जगत, मरकाम और नेताम परिवारों के सदस्यों ने भी हिस्सा लिया, जिससे आपसी प्रेम और सौहार्द का अद्भुत संदेश देखने को मिला।

### बिरयानी दुकानों को...

किया कि सावन के पवित्र महीने में नई बिरयानी दुकानें खोली गई हैं। उन्होंने कहा कि ये दुकानें न केवल यातायात को बाधित कर रही हैं, बल्कि स्वच्छता के लिए भी उचित नहीं हैं। उनके अनुसार, इन दुकानों के कारण नगर की धार्मिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंच रही है, और युवाओं व वार्डवासियों में भारी गुस्सा है।

# कमिश्नर ने युक्तियुक्तिकरण की शिकायतों पर की सुनवाई शिक्षकों ने कहा- नियमों के विरुद्ध दूसरे स्कूल भेजा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

संभाग आयुक्त महादेव कावरे ने शुक्रवार को युक्तियुक्तकरण के विरुद्ध रायपुर जिले के शिक्षकों के आवेदनों पर सुनवाई की। इस सुनवाई में शिक्षकों को भी बुलाया गया था, जिन्होंने आयुक्त के समक्ष अपनी बातें रखी। हरिभूमि ने सुनवाई में शामिल हुए कई शिक्षकों से बातचीत की। इस दौरान शिक्षकों ने बताया कि जिला स्तरीय समिति ने शासन की गाइड लाइन के विरुद्ध जाकर उन्हें दूसरे स्कूलों में भेजा है। कुछ शिक्षकों ने बताया कि युक्तियुक्तकरण को लेकर जो नियमों के तहत कंडिका बनाई गई है, उसी का पालन नहीं हुआ है। इस तरह समिति ने नियमों का उल्लंघन किया है। इस पर समिति में शामिल अफसरों के विरुद्ध भी कार्रवाई होनी चाहिए।

### केस 1

आरंग क्षेत्र के प्रायमरी स्कूल से तिल्दा में पदस्थ किए गए शिक्षक पुराणिक राम मनहरे ने बताया कि शासन ने युक्तियुक्तकरण के लिए नियम बनाए हैं, कंडिका 7 के नियम के तहत अतिशेष में कनिष्ठ शिक्षक को दूसरे स्कूल भेजा जाना है। वह वरिष्ठ शिक्षक के पद पर पदस्थ है। इसके बाद भी उसे भेजा गया है।

### केस 2

धरसींवा से अभनपुर प्रायमरी स्कूल में भेजी गई शिक्षिका शशि साहू ने बताया कि वर्ष 2014 में कंडिका 10-4 के तहत कनिष्ठ होने के कारण धरसींवा में रिक्त पद होने के कारण भेजा गया था। अब जब वह स्कूल में वरिष्ठ पद पर पदस्थ है, तो भी कनिष्ठ की जगह उसे भेजा गया है। इस तरह समिति ने नियम का पालन नहीं किया है।



### सुनवाई पूरी होने के बाद करेंगे निराकरण

युक्तियुक्तकरण में जिला स्तरीय समितियों के विरुद्ध आए आवेदनों पर सुनवाई अभी जारी है। शनिवार को रायपुर जिले के बचे आवेदनों पर आखिरी सुनवाई है। इसके बाद इन आवेदनों पर जिला स्तरीय समितियों का भी पक्ष सुना जाएगा। इसके बाद निराकरण किए जाएंगे।

- महादेव कावरे, संभागायुक्त रायपुर

### केस 3

शिक्षक अश्विनी शर्मा ने बताया कि वह स्कूल में सिर्फ दो वरिष्ठ शिक्षक थे, जिसमें वह सबसे वरिष्ठ थे। अन्य शिक्षक कनिष्ठ हैं, जिनके स्थान पर उन्हें दूसरे स्कूल भेज दिया है, वहीं उनके नीचे वरिष्ठ शिक्षक को स्कूल का प्राचार्य बना दिया है। इस तरह युक्तियुक्तकरण में नियम का पालन नहीं हुआ है।

### केस 4

एक शिक्षक ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि उसे भी नियम विरुद्ध दूसरे स्कूल में पदस्थ किया है। इसके विरुद्ध उसने हाईकोर्ट में याचिका भी लगाई है, लेकिन उसे उम्मीद थी कि सुनवाई में उसे इंसाफ मिलेगा, लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। इसे देखकर लग रहा है कि दोबारा हाईकोर्ट की शरण में जाना होगा।

### सुनवाई से शिक्षक में असंतोष कहा-खानापूर्ति की जा रही

इस सुनवाई में शामिल होने के बाद संभाग आयुक्त के कक्ष से बाहर निकलने वाले शिक्षकों के चेहरों पर मायूसी रही। इस दौरान शिक्षकों ने बताया कि सुनवाई में मात्र खानापूर्ति की जा रही है। शिक्षकों ने बताया कि आवेदन के माध्यम से उनके द्वारा नियम विरुद्ध पदस्थापना की जो शिकायत की है, सिर्फ उसके बारे में ही सुनवाई में पूछा गया, जबकि सुनवाई के दौरान जिला स्तरीय समिति के अफसर भी मौजूद थे। इस संबंध में इन अफसरों से यह तक पूछा नहीं गया कि आवेदक के आरोप सही हैं या नहीं, अगर सही हैं तो नियम विरुद्ध पदस्थापना करने का कारण क्या था। कुछ शिक्षकों ने तो यह भी कहा कि उन्हें ठीक से सुना तक नहीं गया और आश्वासन देकर लौटा दिया।

### 83 आवेदनों पर हुई सुनवाई

संभाग आयुक्त बलौदाबाजार, धमतरी, महासमुंद, गरियाबंद से आये शिक्षकों के आवेदन पर पहले ही सुनवाई कर चुके हैं, वहीं अब रायपुर जिले के आवेदनों पर सुनवाई कर रहे हैं। जिलेभर से करीब 183 शिक्षकों ने युक्तियुक्तकरण में जिला स्तरीय समिति के विरुद्ध शिकायत की है। शिक्षकों की संख्या ज्यादा होने के कारण दो दिन सुनवाई रखी गई है। पहले दिन करीब 83 आवेदनों पर सुनवाई की। यह सुनवाई दो पॉली में हुई।

## खबर संक्षेप



### डॉ. नीरेंद्र से लाला साहू ने की मुलाकात

**राजिम**। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू से राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू और प्रदेश साहू संघ के पूर्व उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू ने मुलाकात की। उनके साथ नूतन साहू, रामकुमार साहू और लोकेश साहू भी मौजूद थे। इस मुलाकात के दौरान, सभी ने डॉ. नीरेंद्र साहू को उनके नए पद के लिए बधाई दी। इस अवसर पर लाला साहू ने उन्हें भगवान श्री राजीव लोचन और राजिम भक्तिन माता की प्रतिमा का दर्शन कर आशीर्वाद लेने के लिए राजिम आने का आग्रह किया।

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर 21 खिलाड़ियों का सम्मान

**महासमुंद**। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नाकोत्तर महाविद्यालय के क्रीडा विभाग में 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा रहे। अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य करुणा दुबे ने की। खेल दिवस पर विधायक ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय के 21 ऐसे खिलाड़ी जिन्होंने सत्र 2024 25 में पूर्वी क्षेत्रीय एवं अखिल भारतीय विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में भाग लेकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया ऐसे खिलाड़ियों को विधायक द्वारा मेडल एवं ट्रैकशूट से पुरस्कृत किया गया। पुरस्कृत होने वाले खिलाड़ी प्रीति, हसीना, सूरज (कबड्डी), देव कुमार, प्रवीण कुमार, चंचल सिंह (कराते), भावेश, चंद्रकांत (क्रिकेट), नीलम (तीरंदाजी), सीमा, अनामिका, पूजा, जयचंद, चंदन, सकलेन अहमद, प्रवीण साहू (हैंडबॉल), आशा वर्मा, दीपशिखा, मुरली सिंह, जुगेश नाथ (बॉल बैडमिंटन), पूनम (सॉफ्टबॉल) शामिल है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संदीप दीवान, अमृत चोपड़ा, संदीप घोष, कमलेश ध्रुव, महेश मक्कड़, वाणी तिवारी, गुलाब ठाकुर आदि मौजूद रहे। उक्त जानकारी दिलीप लहरे क्रीड़ा अधिकारी ने दी है।

### सेवानिवृत्ति पर मनोज शर्मा को दी गई विदाई

**महासमुंद**। अपने जीवन के 41 वर्ष शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय में बतौर सहायक ग्रेड 2 सेवारत रहे मनोज शर्मा की सेवानिवृत्ति पर बुधवार को महाविद्यालय स्टाफ व छात्रों ने विदाई दी। इस मौके पर शर्मा का शॉल व श्रीफल व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में शर्मा ने भाव विभोर होते हुए कहा कि अपने शासकीय कार्यकाल में विद्यालय परिवार के साथ ही गांव के लोगों का भी हमेशा भरपूर सहयोग मिला। उन्होंने कहा कि मैं सेवानिवृत्त जरूर हुआ हूं, पर सेवा के दायित्वों से नहीं। मेरी कभी भी स्टाफ व बच्चों को जरूरत लगेगी, तब हमेशा तैयार रहूंगा। आप लोगों के साथ बिताए हर पल स्मरणीय रहेंगे। इस दौरान पूर्व पार्षद मनीष शर्मा, शकुंत शर्मा, मंजू शर्मा, ममता शर्मा, सुषमा तिवारी, सारिका शर्मा, शुभ्रा शर्मा, पत्नी भुनेश्वरी शर्मा, बेटी अनन्या शर्मा, बेटा अभिषेक शर्मा, आराध्या शर्मा आदि मौजूद रहे।

### धान खरीदी में गड़बड़ी रिपोर्ट दर्ज

**महासमुंद**। जेराभरन समिति अंतर्गत धान उपार्जन केंद्र डोंगरीपाली में धान खरीदी में हुई गड़बड़ी की जांच के बाद जिला सहकारी बैंक के ब्रांच मैनेजर ने मामले में समिति प्रभारी और प्रबंधक के विरूद्ध बसना थाने में शिकायत आवेदन दिया है। पुलिस को सांकरा जिला सहकारी बैंक के ब्रांच मैनेजर प्रमोद मांझी पिता डोलामणि मांझी ने दिए गए आवेदन में पुलिस को बताया कि प्राथमिक कृषि साख समिति मर्यादित जेराभरन के धान उपार्जन केंद्र डोंगरीपाली (छ) में धान की स्टॉक में कमी होने के संबंध में उनकी टीम द्वारा जांच किया गया जिसमें धान उपार्जन केंद्र में मोटा धान 4426.78 क्विंटल की कमी पायी गयी तथा बारदाना 10293 नग कम पाया गया।

पर्व : जोहार भेंट के साथ हुआ नुआखाई पर्व का समापन, दिखा आपसी भाईचारे का संदेश

# नुआखाई धार्मिक, सांस्कृतिक व सामुदायिक मेल-जोल का संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम रसेला में आदिवासी समाज ने जोहार भेंट कार्यक्रम के साथ नुआखाई महापर्व का समापन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आपसी मतभेदों और झगड़ों को भुलाकर बड़ों का आशीर्वाद लेना और समाज में एकता को मजबूत करना है। शुक्रवार को आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत कृषि सभापति लेखराम ध्रुवा मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच रूपादेवी ठाकुर ने की।

इस दौरान जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर, जनपद सदस्य बिमला नागेश और अन्य गणमान्य नागरिक भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा बुरहादेव की पूजा-अर्चना के साथ हुई। सभी अतिथियों का पीला चावल और गमछा भेंट कर स्वागत किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि लेखराम ध्रुवा ने कहा कि नुआखाई एक सुंदर त्योहार है, जो धार्मिक, सांस्कृतिक और सामुदायिक मेलजोल का संगम है। जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर ने इसे क्षेत्र की एकजुटता का प्रतीक बताया। चिगरमाल सर्कल के संरक्षक दयाराम नागेश ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि वे हर साल इस संस्कृति का हिस्सा बनकर नुआखाई का त्योहार मनाते हैं।



#### सांस्कृतिक कार्यक्रम ने बांधा समां

कार्यक्रम के अंत में, सभी अतिथियों को श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। रात में, रंग सागर लोक कला लड़की नाचा गम्मत कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका दर्शकों ने रात भर आनंद उठाया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के पदाधिकारी और जेबीटी ग्रुप के सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक पुरानिक नागेश ने किया।

### मैनपुर-देवभोग में नुआखाई की धूम

**मैनपुर**। इन दिनों मैनपुर और देवभोग क्षेत्र में नुआखाई पर्व को लेकर लोगों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। पंचमी तिथि को बड़ी संख्या में लोगों ने यह पर्व धूमधाम से मनाया। वहीं, अब आगामी सोमवार को नवमी तिथि पर मैनपुर नगर सहित पूरे अंचल में यह पर्व फिर से मनाया जाएगा। मैनपुर के झाखर पुजारी किसन मरकाम, थानुराम पटेल और बलदेव ठाकुर ने बताया कि मैनपुर नगर में नवमी तिथि यानी सोमवार को नुआखाई का पर्व मनाया जाएगा। इसकी तैयारी के लिए झाखर पुजारी और बैगा द्वारा घर-घर जाकर नए धान की बालियां बांटी जा रही हैं, जिन्हें घरों के दरवाजों पर बांधा जाता है। यह परंपरा नई फसल के स्वागत और समृद्धि की प्रतीक है।



## गिधनी में धूमधाम से मना नुआखाई पर्व, दिखी एकता



मुड़ागांव (कोरासी)। गिधनी गांव में शनिवार को नुआखाई पर्व पारंपरिक तरीके से धूमधाम के साथ मनाया गया। यह पर्व क्षेत्र में नई फसल के आने की खुशी में मनाया जाता है, जिसका एक विशेष महत्व है। इस अवसर पर देवी-देवताओं की विशेष पूजा-अर्चना की गई और नए चावल से बने पकवानों का भोग चढ़ाया गया। पर्व के बाद, गांव-गांव में 'नुआखाई जुहार' भेंट करने की परंपरा निभाई गई। लोग आपसी मतभेद भुलाकर अपने से बड़े-बुजुर्गों के पैर छूकर आशीर्वाद लेते हैं, जिसका अपना एक अलग महत्व है। इस दौरान, नागेश परिवार ने भी धूमधाम से नुआखाई मनाई और परिवार के सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को बधाई और शुभकामनाएं दीं। नुआखाई पर्व में कोरिया पत्ता और नए धान का विशेष महत्व होता है। इस दिन कोरिया पत्ते का दोना बनाकर पूजा की जाती है और नए अन्न का प्रसाद इसी पर ग्रहण किया जाता है। परिवार के सभी सदस्य एक साथ बैठकर नए अन्न का भोग लगाते हैं। इसके बाद, घर के छोटे सदस्य बड़ों को 'नुआखाई जुहार' कहकर प्रणाम करते हैं और उनका आशीर्वाद लेते हैं।

#### एकता और पारिवारिक बंधन का प्रतीक

नुआखाई को किसान-मजदूरों की एकता और पारिवारिक बंधन का पर्व भी कहा जाता है। यह नई फसल से उपजी आशा, भाईचारे और सामूहिकता का संदेश देता है। इस अवसर पर लोग आपस में मेल-मिलाप करते हैं और एक-दूसरे को गले लगाते हैं। पर्व के लिए घरों की साफ-सफाई एक महीने पहले से ही शुरू हो जाती है। इस दिन सभी घरों में विशेष पकवान बनाए जाते हैं और दूर-दराज से भी परिवार के सदस्य इस पर्व को मनाने के लिए अपने घर लौटते हैं।

## जिले में सांसद रूप कुमारी का जोरदार स्वागत, कार्यकर्ताओं ने किया अभिनंदन

**गरियाबंद**। महासमुंद लोकसभा की सांसद और भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष रूप कुमारी चौधरी का पहली बार गरियाबंद आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। नगर के तिरंगा चौक पर आयोजित एक समारोह में भाजपा कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक लोक नृत्य के साथ उनका जोशीला अभिनंदन किया। कार्यक्रम की अगुवाई भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने की। इस अवसर पर सांसद चौधरी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की असली ताकत उसके कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण है और संगठन हमेशा उनके सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि प्रदेश नेतृत्व ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है, उसे वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगी। जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने इस पल को गरियाबंद के कार्यकर्ताओं के लिए गौरव का क्षण बताया और सभी का आभार व्यक्त किया। सांसद के स्वागत से पूरा नगर जयघोष और नारों से गूंज उठा। इस कार्यक्रम में भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।





## स्वास्थ्य केंद्र नवापारा से शिशु संरक्षण माह की हुई शुरुआत

**नवापारा-राजिम**। शासन द्वारा बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए शुरू किए गए अभियान के तहत, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 29 अगस्त से 30 सितंबर, 2025 तक 'शिशु संरक्षण माह' मनाया जा रहा है। इस दौरान, 5 साल तक के बच्चों को विटामिन-ए की खुराक दी जाएगी और 6 महीने से 5 साल तक के बच्चों को हफ्ते में दो बार आयरन सिरप की एक शीशी दी जाएगी। शिशु संरक्षण माह के तहत, नवापारा के शहरी क्षेत्रों में हर मंगलवार और शुक्रवार को सभी वार्डों में गर्भवती माताओं और शिशुओं के टीकाकरण का कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है। शुक्रवार को इस अभियान की शुरुआत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवापारा में हुई। इस अवसर पर जीवनदीप समिति के सदस्य नागेंद्र वर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी और अस्पताल के प्रभारी डॉ. तेजेंद्र साहू समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे। इस पहल से बच्चों में कुपोषण की समस्या को कम करने और उनके स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है।

## नवापारा में शिक्षकों का प्रशिक्षण शिविर शुरू, नई शिक्षा नीति पर दिया जा रहा जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा में शासकीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। यह शिविर नई शिक्षा नीति 2020 और नई पाठ्यपुस्तकों पर आधारित है, जिसका उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण पद्धतियों से परिचित कराना है। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को सिर्फ सैद्धांतिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक शिक्षण का अनुभव भी दिया जा रहा है। मास्टर ट्रेनर लीना ने भाषा शिक्षण के उद्देश्यों और चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। वहीं, मास्टर ट्रेनर उमेश ने 'मल्हार' नामक नई पाठ्यपुस्तक की संरचना और पाठ योजना बनाने के तरीकों पर मार्गदर्शन दिया। शिक्षकों ने समूहों में मिलकर पाठ योजनाएँ तैयार कीं, जिससे आपसी सहयोग और विचार-विमर्श को बढ़ावा मिला। गणित विषय का सत्र भी काफी रोचक रहा। मास्टर ट्रेनर डायमंड सिन्हा, पूर्णेन्द्र पाल और पुनारद पटेल ने रेखाओं, कोणों, आंकड़ों के प्रबंधन और सममिति जैसे विषयों को सरल और मजेदार बनाने के लिए कई गतिविधियाँ कराईं। इन गतिविधियों से शिक्षकों को यह समझने में मदद मिली कि वे अपनी कक्षाओं में गणित को किस तरह एक आकर्षक विषय बना सकते हैं। इस प्रशिक्षण में बीआरसीसी राकेश साहू लगातार मार्गदर्शन दे रहे हैं। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक नागेन्द्र कंसारी, टिकेंद्र साहू, राधेश्याम बंजारे और अजय दास के साथ-साथ उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक भी शामिल हो रहे हैं।



## सिंधी समाज ने किया प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा में सिंधी समाज के युवाओं की संस्था 'श्री सिंध युवा विंग' और 'पूज्य सिंध पंचायत' ने मिलकर एक भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। यह कार्यक्रम स्थानीय सिंधी गुरुद्वारा में हुआ, जिसमें देश के मशहूर जादूगर ए. लाल का जादू शो भी प्रस्तुत किया गया। इस समारोह में उन छात्रों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने 2024-25 की 10वीं और 12वीं की परीक्षा में 75% से अधिक अंक हासिल किए हैं। साथ ही, उन युवाओं को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में समाज का नाम रोशन किया है, जिसमें सीए सुमित जगवानी और पार्षद/सभापति सचिन सचदेव प्रमुख थे। इस अवसर पर, युवा विंग के अध्यक्ष लक्की मेघवानी और अन्य सदस्यों ने पूज्य सिंध पंचायत के अध्यक्ष सुंदरलाल पंजवानी का भी सम्मान किया और उनके नेतृत्व में समाज सेवा में अपना पूरा योगदान देने का संकल्प लिया। इस सफल आयोजन में श्री सिंध युवा विंग के कई सदस्यों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## खेतों में मेहनत के बाद एक साथ भोजन करते मजदूर



**मैनपुर**। खेती-किसानी के काम में कड़ी मेहनत करने के बाद मजदूर एक साथ बैठकर भोजन करते हुए दिखाई दिए। यह तस्वीर दिखाती है कि कैसे कड़ी मेहनत के बाद भी, मजदूर एक-दूसरे के साथ मिलकर खाना खाते हैं और अपने दिन के अनुभवों को साझा करते हैं।

## नवापारा-राजिम में गणेश उत्सव की धूम







## रवेली में धूमधाम से मना गणेश चतुर्थी पर्व



**फिंगेश्वर**। फिंगेश्वर के ग्राम रवेली में गणेश चतुर्थी के अवसर पर समस्त ग्रामवासियों ने मिलकर भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की। इस दौरान पूरे गांव में गणेश उत्सव की धूम रही। ग्रामीणों ने मिलकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और गणेश जी का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर गांव के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे, जिनमें संतोष कुमार ध्रुव, रामकुमार साहू, आसकुमार यादव, मुकेश यादव, टिकेश्वर यादव, टीकमचंद ध्रुव, केदार ध्रुव, नोमश ध्रुव, संदीप मरकाम और अन्य ग्रामीण शामिल थे। इस आयोजन ने गांव में भक्ति और उत्साह का माहौल बना दिया।

छुरा के कन्या स्कूल में रजत जयंती समारोह भूतपूर्व छात्राओं ने बताया सफलता के मंत्र

# पढ़ाई कभी न छोड़ें लक्ष्य की ओर बढ़ते रहें: प्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल छुरा में रजत जयंती के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस समारोह में विद्यालय की चार भूतपूर्व छात्राओं यामिनी चंद्राकर, प्रिया रामटेके, भुनेश्वरी सोरी और देवकी ध्रुव को सम्मानित किया गया। इन छात्राओं ने अपने जीवन के संघर्षों और सफलताओं की कहानियाँ साझा कर वर्तमान छात्राओं को प्रेरित किया। यामिनी चंद्राकर, जो अब पत्रकारिता के साथ-साथ राजनीति में भी सक्रिय हैं, ने छात्राओं को बताया कि जीवन का एकमात्र विकल्प नौकरी नहीं है। उन्होंने कहा कि व्यापार, समाज सेवा या राजनीति जैसे क्षेत्रों में भी आगे बढ़ा जा सकता है। उन्होंने छात्राओं से आग्रह किया कि यदि वे दृढ़ संकल्प कर लें, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।




#### मुश्किलों से लड़ते हुए आगे बढ़ें

*भुनेश्वरी सोरी ने अपनी कहानी साझा करते हुए बताया कि एक विशेष पिछड़ी जनजाति से होने के बावजूद उन्होंने संघर्षों को पार किया और रोजगार सहायक के बाद अब पेऑन के रूप में अपनी सेवा दे रही हैं। उन्होंने कहा, /"अगर आप ठान लेते हैं, तो किसी भी कठिन कार्य को पूरा किया जा सकता है। इसी तरह, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रिया रामटेके और देवकी ध्रुव ने भी छात्राओं को प्रेरणा दी। प्रिया ने कहा, मुश्किलें चाहे जैसी हों, पढ़ाई कभी न छोड़ें और अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहें। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य केसी साहू, शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ मौजूद थीं। इस समारोह ने पुरानी यादों को ताजा करने के साथ-साथ वर्तमान पीढ़ी को एक उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया।*

## बिजली में गणेश उत्सव की धूम



**छुईहा बेलर**। ग्राम पंचायत बिजली के बजरंग चौक में गणेशोत्सव समिति द्वारा हर साल की तरह इस साल भी गणेश उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यहां भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर सुबह-शाम आरती की जा रही है, जिसमें मोहल्लेवासी बड़ी संख्या में शामिल हो रहे हैं। इसी कड़ी में 31 अगस्त को गणेश पंडाल में शाम 7 बजे एक विशेष आरती, पूजा और सांस्कृतिक रामधुनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति नंदनी ओमकार साहू और जनपद सभापति नंदू यादव होंगे। विशिष्ट अतिथियों में सरपंच पद्मा निषाद, पूर्व सरपंच मोती निषाद, उपसरपंच तोषण पटेल और वार्ड पंच कुमारी पटेल शामिल होंगी। इस आयोजन से पूरे गांव में भक्ति और उत्साह का माहौल है।

# गणेश उत्सव की धूम, पंडालों में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़




नवापारा-राजिम। अंचल के सबसे बड़े शहर नवापारा में इन दिनों गणेश उत्सव पूरे जोश के साथ मनाया जा रहा है। शहर के हर प्रमुख चौक-चौराहों और मोहल्लों में बड़े-बड़े पंडाल सजाए गए हैं, जहां भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। सुबह-शाम पूरे श्रद्धाभाव के साथ पूजा और आरती की जा रही है, जिसमें श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हो रहे हैं। शाम होते ही पंडालों की रौनक कई गुना बढ़ जाती है। रंगीन लाइटों से पूरा शहर जगमगा रहा है, जिसे देखने के लिए लोग अपने परिवारों के साथ बाहर निकल रहे हैं। देर शाम तक शहर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है, जो एक पंडाल से दूसरे पंडाल जाकर गणेश जी के दर्शन कर रहे हैं और सजावट का आनंद ले रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### मोरधा स्कूल में हुआ पुस्तक वाचन कार्यक्रम

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला मोरधा में पुस्तक वाचन का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामवासी, पालकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत की मुखिया सरपंच चम्पेश्वरी साहू, हेमंत कुमार साहू, वरिष्ठ शिक्षक जनक राम लोधी, ग्राम प्रमुख सालिक राम साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शमा साहू समेत 65 लोगों ने 90 पुस्तकों का वाचन किया गया।

### कुर्मी समाज रायपुर राज के अध्यक्ष बने केशव

**महासमुंद।** कुर्मी समाज खरोरा के



मीडिया प्रभारी मुकेश चंद्राकर ने बताया कि चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज रायपुर राज के अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर व सचिव हुलास चंद्राकर को दूसरी बार सामाजिक मुख्य दायित्व मिला है। इस पर सामाजिकजनों ने हर्ष जताया है।

### वृंदावन के छात्र राज का एकलव्य में चयन

**महासमुंद।** स्थानीय वृंदावन में



अध्ययनरत कक्षा छठवीं के छात्र राज बाघ पिता निरंजन बाघ का एकलव्य विद्यालय भोरिंग (तुमगांव) के लिए चयन हुआ है। जिसकी परीक्षा 02 मार्च 2025 को हुई थी। इस उपलब्धि से पूरा शाला परिवार गौरवान्वित है। शाला के संचालक एमआर विश्वनाथन व संचालिका सुजाता विश्वनाथन, उपप्राचार्य इंदु मिश्रा, वरिष्ठ शिक्षिका अमृता चंद्राकर, रेखा साहू समेत सभी शिक्षकों ने हर्ष जताया है।

### हड़ताली एनएचएम कर्मचारियों ने दी श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के कर्मचारी नियमितीकरण, ग्रेड पे सहित अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अलग-अलग गतिविधियों के माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास कर रहे हैं। धरनास्थल से महासमुंद में रैली निकाल कर कांग्रेस भवन चौक के सामने शासन प्रशासन द्वारा दमनकारी नीति अपनाए जाने पर कर्मचारी अमरदीप मरकाम के अकस्मात ह्रदयाघात से मृत्यु पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कहीं न कहीं मानसिक दबाव मिला एव शासन-प्रशासन द्वारा नोटिस पत्र को जला दिया गया और कृत्य को तेरह दिन के हड़ताल को तेरहवीं के रूप में मनाया गया। आम जनता के बीच मांगों से अवगत कराया। महिला कर्मचारियों ने तीजा, गणेश चतुर्थी निभाते हुए धरनास्थल पर डटे रहकर आंदोलन का समर्थन किया। उधर, कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन आंदोलन में चले जाने से उपस्वास्थ्य केंद्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेजों में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह चरमरा गई हैं। जिससे आम जनता को आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएँ समय पर नहीं मिल पा रही हैं। कर्मचारियों का कहना है कि स्वास्थ्य सेवाएँ ठप होने के लिए वे नहीं, बल्कि शासन का अड़ियल रवैया जिम्मेदार है।

कार्यक्रम : पुलिस द्वारा अवैध प्रवासी, साइबर फ्रॉड, नशामुक्ति के संबंध में कुसुमखूंटा में जागरूकता कार्यक्रम

# पुलिस ने ग्रामीणों को साइबर अपराध और नशाखोरी से बचने की दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

फिंगेश्वर थाना क्षेत्र के ग्राम कुसुमखूंटा में 29 अगस्त को जिला पुलिस ने ग्रामीणों के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेंद्र चंद्राकर, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस निशा सिन्हा और थाना प्रभारी गौतमचंद गावड़े ने ग्रामीणों से सीधे बात की और उन्हें कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर जानकारी दी।

पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के तरीके समझाए। उन्होंने बताया कि किसी भी अनजान लिंक को डाउनलोड न करें और न ही किसी के साथ अपना ओटीपी शेयर करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि 'डिजिटल अरेस्ट' जैसी कोई चीज नहीं होती और अगर किसी पर कोई मामला बनता है, तो पुलिस सीधे आकर जांच करती है। अधिकारियों ने साइबर अपराध होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करने की सलाह दी। इसके



अलावा, अवैध प्रवासियों के बारे में जानकारी देने के लिए टोल फ्री नंबर 18002331905 भी जारी किया गया, जहां सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

### युवाओं को नशे से दूर रहने की चेतावनी

*कार्यक्रम में खासकर युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताया गया। पुलिस ने कहा कि नशा एक जाल है, जो न सिर्फ व्यक्ति की जिंदगी बर्बाद करता है, बल्कि पूरे परिवार को भी संकट में डाल देता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि नशा अपराध की ओर ले जाता है और समाज में मान-सम्मान को खत्म कर देता है। अधिकारियों ने युवाओं से अपील की कि अगर वे अपने परिवार से प्यार करते हैं, तो आज ही नशे की आदत छोड़ दें और एक सभ्य नागरिक बनकर समाज का हिस्सा बनें। इस जागरूकता अभियान से ग्रामीणों को कई अहम मुद्दों पर जरूरी जानकारी मिली।*

# रायपुर संभाग के शिक्षक 1 सितंबर को करेंगे जेडी कार्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने रायपुर संभाग में शिक्षकों की पदोन्नति में हो रही देरी को लेकर एक बड़ा कदम उठाने का फैसला किया है। एसोसिएशन ने ऐलान किया है कि अगर जल्द ही माध्यमिक शाला प्रधान पाठक के पदों पर पदोन्नति नहीं दी गई, तो 1 सितंबर को रायपुर संभाग के शिक्षक संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग कार्यालय का घेराव करेंगे। एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष और रायपुर संभाग प्रभारी देवनाथ साहू ने बताया कि पिछले तीन सालों से माध्यमिक शाला प्रधान पाठक के पदों पर पदोन्नति न होने से संभाग के शिक्षक (एलबी/ई/टी संवर्ग) में भारी गुस्सा है। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारियों ने बार-बार कोर्ट का हवाला देकर या मार्गदर्शन लेने की बात कहकर शिक्षकों को गुमराह किया है। इस देरी के कारण रायपुर संभाग के शिक्षक प्रदेश के बाकी चार संभागों में पदोन्नत हुए अपने साथियों से कनिष्ठ (जूनियर) हो गए हैं, जिससे उन्हें भविष्य में भी नुकसान उठाना पड़ेगा। अन्य संभागों में 'वन टाइम रिलैक्सेशन' के तहत दो से तीन बार पदोन्नति हो चुकी है, जबकि रायपुर संभाग में एक बार भी नहीं। इस वजह से शिक्षक मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान हैं। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि माध्यमिक शाला प्रधान पाठक के पदों पर पदोन्नति से जुड़ी सभी याचिकाओं का निपटारा माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा किया जा चुका है। इसके बावजूद, रायपुर संभाग में पदोन्नति का न होना समझ से परे है। इस मुद्दे को लेकर एसोसिएशन ने 18 अगस्त को कमिश्नर, डीपीआई और जेडी रायपुर को ज्ञापन सौंपकर घेराव की चेतावनी दी थी। इसके बाद 20 अगस्त को ब्लॉक स्तर पर और 21 अगस्त को जिला स्तर पर भी ज्ञापन सौंपा गया। एसोसिएशन ने रायपुर संभाग के सभी शिक्षकों से अपील की है कि वे 1 सितंबर को दोपहर 1 बजे जेडी कार्यालय रायपुर के घेराव कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल हों।

# विद्यालय में पुस्तक वाचन कार्यक्रम का आयोजन, छात्रों को मिली पढ़ने की प्रेरणा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार फिंगेश्वर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में रजत जयंती कार्यक्रम के तहत पुस्तक वाचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को पढ़ने की आदत के लिए प्रोत्साहित करना और उन्हें ज्ञान से जोड़ना था। इस अवसर पर, पुस्तकालय प्रभारी रुद्र प्रताप साहू ने पुस्तकों के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि किताबें पढ़ने से हमारे व्यक्तित्व में सकारात्मक बदलाव आता है। उन्होंने छात्रों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार होने के लिए पढ़ने की प्रेरणा दी। वहीं, स्कूल के प्राचार्य पूरन लाल साहू ने भी छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि किताबें पढ़ने से दिमाग सक्रिय रहता है और शब्दावली व भाषा कौशल में सुधार होता है। उन्होंने कहा की अच्छी किताबें जीवन की प्रतिमाएं होती हैं, जिनसे हमें तुरंत ज्ञान और उत्साह मिलता है। उन्होंने यह भी बताया कि साहित्य के माध्यम से छात्र इतिहास, कला, विज्ञान और मानवीय अनुभवों के बारे में सीख सकते हैं। इस कार्यक्रम में प्राचार्य पूरन लाल साहू के साथ-साथ कई शिक्षक और कर्मचारी भी मौजूद थे। सभी ने मिलकर छात्रों को किताबों से दोस्ती करने की सलाह दी, ताकि वे अपने जीवन में सही और गलत के बीच अंतर समझ सकें और एक बेहतर इंसान बन सकें।

### नवापारा में वन बंधु परिषद की बैठक एकल अभियान के विस्तार पर हुई चर्चा



**नवापारा-राजिम।** वन बंधु परिषद के एकल अभियान के अंतर्गत शनिवार को राइस मिल एसोसिएशन कार्यालय में भाग मध्य छत्तीसगढ़ और संभाग छत्तीसगढ़ की एक बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता पी2 प्रभाग अध्यक्ष प्राची गर्ग और संभाग अध्यक्ष महेंद्र कांत संघानी ने की। इस विशेष बैठक में एकल अभियान के विस्तार को लेकर कई विषयों पर चर्चा की गई। अभियान की संरचना और नवनिर्वाचित समितियों के बारे में भी जानकारी दी गई। इस दौरान, भाग समिति के अध्यक्ष गिरधारी अग्रवाल, भाग सचिव प्रफुल्ल दुबे, भाग कोषाध्यक्ष संजय बंगाली, भाग ग्राम विकास प्रमुख रविशंकर साहू, आरोग्य प्रभारी उमा गुप्ता और कई अन्य सदस्य व कार्यकर्ता मौजूद थे। बैठक में अभियान को और मजबूत बनाने की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया, ताकि इसका लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सके।



राजिम। राजिम शहर से लगे ग्रामीण अंचल में इस समय गणेश उत्सव की धूम मची हुई है। गांवों के चौक-चौराहों पर जगह-जगह मिट्टी से बनी गणेश प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं, और पूरी बस्ती की सजावट देखते ही बन रही है। खासतौर से शाम के समय पंडालों में रौनक बढ़ जाती है। महिलाएं और युवतियां बड़ी संख्या में घरों से निकलकर गणेश पंडालों में पहुंच रही हैं, और पूरे श्रद्धाभाव के साथ पूजा-अर्चना कर रही हैं। हर गांव में लाइटिंग से पंडालों और उसके आसपास का क्षेत्र रोशन किया गया है, जिससे गांवों की खूबसूरती और भी बढ़ गई है।

फिंगेश्वर में स्वास्थ्य जांच और परामर्श शिविर का आयोजन

# स्वास्थ्य शिविर में 500 प्लस लोगों की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना महोत्सव के रजत जयंती वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में फिंगेश्वर में एक भव्य निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शनिवार, 30 अगस्त को शासकीय ठाकुर दलगंजन सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित इस शिविर में 504 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग और बालको कैंसर मेडिकल सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में हुए इस शिविर में कई तरह की जांच और परामर्श की सुविधाएं उपलब्ध थीं। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. वीके हिरौंदिया ने बताया कि शिविर में निम्नलिखित जांचें की गईं जिसमें ब्लड प्रेशर और शुगर 272 लोगों की जांच की गई। हीमोग्लोबिन, सिकलिंग और ब्लड ग्रुप 249 लोगों की जांच की गई। नेत्र रोग 125 लोगों की जांच हुई। टीबी और कुष्ठ रोग क्रमशः 81 और 30 लोगों की जांच की गई। कैंसर स्क्रीनिंग 174 महिलाओं का पंजीकरण किया गया, जिनमें से 28 महिलाओं की मैमोग्राफी और 12 की पेप स्मीयर जांच की गई।



### 8 संभावित कैंसर मरीज मिले

डॉ. हिरौंदिया ने बताया कि कैंसर स्क्रीनिंग के दौरान 8 संभावित मरीज मिले हैं, जिन्हें बालको मेडिकल सेंटर जाकर निःशुल्क जांच और इलाज कराने की सलाह दी गई है। इस शिविर में बालको मेडिकल सेंटर की निदेशक डॉ. भावना सिरोही, कैंसर सर्जन डॉ. रश्मि राय, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. एसएल हुमने और कई अन्य चिकित्सक, तकनीशियन और स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे। सभी ने मिलकर शिविर को सफल बनाया और लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया।

